an>

Title: Need to expedite setting up of a rail coach factory at Bhilwara, Rajasthan.

श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा) ः राजस्थान के भीलवाड़ा में भारत हेवी इलैक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) द्वारा मेमू सवारी डिब्बा कारखाना स्थापित करने के लिए भारतीय रेल से समझौता किया गया है। भीलवाड़ा जिले के गुलाबपुरा के निकट स्थान का चयन भी हो गया तथा राजस्थान सरकार ने रेलवे को यह जमीन उक्त कारखाने को स्थापित करने के लिए हस्तान्तरित भी कर दी। 22.02.2013 को कारखाने के निर्माण के लिए शिलान्यास किया गया। उसके उपरान्त 3 साल से अधिक का समय व्यतीत हो गया है। आगे किसी प्रकार की प्रगति नहीं हुई है। पूर्व में रेल राज्य मंत्री महोदय ने कारखाना स्थापित करने की सरकार की तरफ से मंशा जाहिर की थी। उसके उपरान्त इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही हो रही है, जानकारी नहीं है। क्षेत्र के लोग रोज़गार की उम्मीद लगाये बैठे हैं। सरकार को इस दिशा में सार्थक प्रयास करने चाहिये।